# 20 राजस्थान में प्रजामण्डल एवं स्वतंत्रता आंदोलन

1. बीकानेर के राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं ने 'बीकानेर एक दिग्दर्शन' नामक एक पुस्तिका छपवा कर गोलमेज सम्मेलन के सदस्यों में वितरित की, जिसमें बीकानेर के किस महाराजा की कटु आलोचना की गई थी?
(1) महाराजा सरदार सिंह (2) महाराजा गंगासिंह
(3) महाराजा सार्दुल सिंह (4) महाराज डूँगर सिंह

2. 16–17 जनवरी, 1944 को किसकी अध्यक्षता में अलवर प्रजामंडल का पहला अधिवेशन खैरथल धर्मशाला में आयोजित हुआ?
(1) भवानी शंकर शर्मा (2) कुंज बिहारी मोदी
(3) हरिनारायण शर्मा (4) सत्यदेव विद्यालंकार

3. भरतपुर में 'ब्रज जया प्रतिनिधि सभा' का गठन कब किया गया?
(1) 27 अक्टूबर, 1942 (2) 22 अक्टूबर, 1942
(3) 05 फरवरी, 1945 (4) 22 जनवरी, 1940

4. 15 अगस्त, 1941 को किस रेलवे वर्कशॉप के लगभग 2 हजार कर्मचारियों ने 'बैठे रहो' हड़ताल की?
(1) जयपुर (2) अजमेर
(3) उदयपुर (4) जोधपुर

5. 10 अप्रैल, 1940 को जब्त की गयी पुस्तक 'उस पार रोशनी' की प्रतियाँ रखने के आरोप पर अजमेर के किस प्रेस कार्यालय की भारतीय सुरक्षा अधिनियम, 1932 के अंतर्गत तलाशी ली गयी?
(1) नवज्योति प्रिंटिंग प्रेस (2) राजस्थान सेवा संघ प्रेस
(3) अमर प्रिंटिंग प्रेस (4) भारत प्रिंटिंग प्रेस

6. माणिक्यलाल वर्मा द्वारा अजमेर में मेवाड़ प्रजामण्डल की महासमिति की बैठक बुलाई गयी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 04 अक्टूबर, 1938 को ........... के दिन सत्याग्रह आरम्भ किया जाये।
(1) विजय दशमी (2) रामनवमी
(3) जन्माष्टमी (4) दुर्गाष्टमी

7. भरतपुर में 'प्रजा परिषद्' का प्रथम राजनीतिक सम्मेलन 30 दिसम्बर, 1940 से 01 जनवरी, 1941 तक किसकी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ?
(1) ठाकुर देशराज (2) जयनारायण व्यास
(3) गोपीलाल यादव (4) जुगलकिशोर चतुर्वेदी

8. निम्न में से किस प्रजामंडल की स्थापना कलकता में की गई थी?
(1) झालावाड़ (2) भरतपुर (3) मेवाड़ (4) बीकानेर

9. मेवाड़ प्रजामंडल के आन्दोलन के दौरान नाथद्वारा में निम्न में से किस महिला ने सक्रिय भूमिका निभाई?
(1) लक्ष्मीदेवी आचार्य (2) महिमा देवी किंकर
(3) दुर्गावती देवी शर्मा (4) गंगाबाई

10. सुमेलित कीजिये–

| प्रजामंडल | स्थापना |
|---|---|
| क. बीकानेर प्रजामंडल | i. 1938 |
| ख. प्रतापगढ़ प्रजामंडल | ii. 1934 |
| ग. मारवाड़ प्रजामंडल | iii. 1945 |
| घ. शाहपुरा प्रजामंडल | iv. 1936 |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iii | iv | i |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iv | iii | i | ii |
| (4) | iv | iii | ii | i |

11. सुमेलित कीजिये– (प्रजामंडल–प्रथम अध्यक्ष)

| | |
|---|---|
| क. मारवाड़ प्रजामंडल | i. भंवरलाल सर्राफ |
| ख. धौलपुर प्रजामंडल | ii. मांगीलाल भव्य |
| ग. मेवाड़ प्रजामंडल | iii. बलवंत सिंह मेहता |
| घ. झालावाड़ प्रजामंडल | iv. कृष्णदत्त पालीवाल |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | i | iii | iv | ii |
| (4) | i | iv | iii | ii |

12. जयपुर प्रजामंडल के भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग नहीं लेने से नाराज होकर बाबा हरिश्चन्द्र ने किस संस्था की स्थापना की?
(1) जयपुर सत्याग्रह कौंसिल (2) आजाद मोर्चा
(3) चरखा संघ (4) जैन शिक्षा प्रचार समिति

13. जैसलमेर के किस स्वतंत्रता सेनानी व प्रजामंडल के प्रमुख कार्यकर्त्ता को जेल में मिट्टी का तेल छिड़क कर जिंदा जला दिया था?
(1) सागरमल गोपा (2) मीठालाल व्यास
(3) रघुनाथ सिंह (4) बालमुकुन्द बिस्सा

14. 17 जुलाई, 1946 को किस राज्य में बीरबल दिवस मनाया गया?
(1) कोटा (2) जोधपुर (3) बीकानेर (4) मेवाड़

15. 1938 में भरतपुर प्रजा मण्डल की स्थापना किस स्थान पर हुई–
(1) भरतपुर (2) डीग (3) रेवाड़ी (4) आगरा

16. 'बरड़ किसान आंदोलन' किस प्रजामण्डल से संबंधित है, जिसमें पंडित नयनूराम शर्मा ने राजनीतिक चेतना जगाने व लाग–बाग, बेगार आदि के संबंध में विरोध में आंदोलन किया?
(1) जयपुर प्रजामण्डल (2) बूँदी प्रजामण्डल
(3) प्रतापगढ़ प्रजामण्डल (4) बाँसवाड़ा प्रजामण्डल

17. लॉर्ड वेवेल व महाराजा सार्दुलसिंह के भरतपुर आगमन पर आंदोलन के दौरान भुवासर में किस क्रान्तिकारी की हत्या अंग्रेजों ने बस से कुचलकर कर दी थी?
(1) रमेश स्वामी (2) लादूराम व्यास
(3) पंचमसिंह (4) शांतिलाल

18. नारायणी देवी वर्मा का संबंध किस प्रजामण्डल से है, जिन्हें सत्याग्रह के दौरान गिरफ्तार किया गया था?
(1) जयपुर प्रजामण्डल (2) मेवाड़ प्रजामण्डल
(3) झालावाड़ प्रजामण्डल (4) मारवाड़ प्रजामण्डल

19. भरतपुर प्रजामण्डल के प्रथम अध्यक्ष कौन बने थे?
(1) गोपीलाल यादव (2) ठाकुर देशराज
(3) रेवतीशरण उपाध्याय (4) बृजेन्द्र सिंह

Read, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

20. कोटा महाराव ने निम्न में से किसके नेतृत्व में लोकप्रिय सरकार का गठन करने का फैसला लिया, लेकिन पूर्व राजस्थान संघ गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाने से यह क्रियान्वित नहीं हो सका?
(1) कांतिलाल चौथानी (2) जमाल शाह
(3) अभिन्न हरि (4) नयनूराम शर्मा

21. किशनगढ़ प्रजामण्डल की स्थापना कब व किसके द्वारा की गई?
(1) 1939 – कांतिलाल चौथानी
(2) 1927 – जमालशाह
(3) 1927 – कांतिलाल चौथानी
(4) 1943 – भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी

22. जयपुर प्रजामण्डल का तीसरा अधिवेशन कब व कहाँ पर हुआ था?
(1) दिसम्बर, 1938 – चुरू (2) नवम्बर, 1941 – सीकर
(3) जनवरी, 1941 – झुंझुनूं (4) नवम्बर, 1938 – वर्धा

23. सम्पूर्ण राजस्थान में 'मारवाड़ सत्याग्रह दिवस' मनाया गया था?
(1) 15 अगस्त, 1942 (2) 26 जनवरी, 1942
(3) 26 मई, 1942 (4) 26 जुलाई, 1942

24. वह स्वतंत्रता प्रेमी छात्रा कौन थी, जिन्होंने अपने अध्यापक सेंगाभाई को बचाने के प्रयास में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे?
(1) बाली बाई (2) शान्ता बाई
(3) लक्ष्मी बाई (4) काली बाई

25. मेवाड़ प्रजामण्डल के प्रमुख नेता, जिन्हें भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 21 अगस्त, 1942 ई. को गिरफ्तार किया गया था, वे थे?
(1) माणिक्यलाल वर्मा (2) बलवंतसिंह मेहता
(3) चिरंजीलाल मिश्र (4) मोहनलाल सुखाडिया
(A) केवल 1, 4 (B) केवल 1, 2, 4
(C) केवल 4 (D) केवल 3

26. मारवाड़ प्रजामण्डल को जोधपुर राज्य द्वारा 1936 ई. में गैर–कानूनी घोषित कर दिए जाने के पश्चात् यहाँ 1938 ई. में मारवाड़ लोक परिषद् की स्थापना की गई थी, इसके प्रथम अध्यक्ष कौन बने थे?
(1) जयनारायण व्यास (2) रणछोड़दास गट्टाणी
(3) अभयमल मेहता (4) बाल मुकुन्द बिस्सा

27. 26 जनवरी, 1930 को 'स्वामी गोपालदास, चन्दनमल, वैद्यशांत शर्मा द्वारा चूरू के धर्मस्तूप पर तिरंगा फहराया गया और नारा दिया गया' अखरो रिपियो चाँदी रो, राज महात्मा गाँधी रो, ये सब क्रान्तिकारी किस प्रजामण्डल से संबंधित थे?
(1) मारवाड़ प्रजामण्डल (2) बीकानेर प्रजामण्डल
(3) जयपुर प्रजामण्डल (4) धौलपुर प्रजामण्डल


28. नयनूराम व पं.अभिन्न हरि ने कोटा प्रजामण्डल की स्थापना कब व कहाँ पर की थी?
(1) 1936, मांगरोल (2) 1939, रेवाड़ी
(3) 1936, खाण्डलाई (4) 1939, मांगरोल


29. मारवाड़ में चण्डावल (सोजत) की घटना किस वर्ष हुई थी, जिसके विरोध में जयनारायण व्यास ने सत्याग्रह प्रारंभ किया?
(1) 28 मार्च, 1939 (2) 28 मार्च, 1942
(3) 28 मार्च, 1944 (4) 29 मार्च, 1944

30. बाँसवाड़ा प्रजामण्डल के प्रथम अध्यक्ष थे?
(1) विनोदचंद कोठारी (2) माणिक्यलाल वर्मा
(3) भूरेलाल बयां (4) हरिनारायण शर्मा

# अध्यापक भर्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–

Dhindhwal Publication




– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।